किसान आंदोलन : होशंगाबाद रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था रही बदहाल

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 29 जुलाई. किसानों के आंदोलन के बीच होशंगाबाद रोड पर बुधवार को ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बदहाल रही. एम्स अस्पताल की तरफ जाने वाले चौराहे लेकर मिसरोद, मंडीदीप की तरफ जाने वाला मार्ग पूरे दिन प्रदर्शन के दौरान बंद रखा गया. यातायात पुलिस ने बाबूलाल गौर ब्रिज से रुट डायवर्सन किया.

बरकतउल्ला विश्विद्यालय जाने वाले वाहन चालकों को वीर सावरकर ब्रिज से होते हुए एम्स के गेट नं. 4 की तरफ मार्ग से लंबी दूरी का सफर करते हुए जाना पड़ा. इस दौरान देर शाम को रोशनपुरा चौराहे से सीएम हाउस की तरफ जाने वाले मार्ग को भी पूरी तरह बंद कर दिया गया. पॉलीटेक्निक चौराहे की तरफ जाने वाले वाहनों को राजभवन के मुख्य द्वार गेट की सड़क की तरफ से ट्रैफिक व्यवस्था संचालित रही. इसके साथ ही नानके पेट्रोल पंप से टीटी नगर थाने की तरफ के मार्ग पर रूट डायवर्सन किया गया है. शहर के अन्य मार्ग को यातायात व्यवस्था पूरी तरह से सुचार रुप से संचालित की गई. किसानों के सीएम हाउस की तरफ बढ़ने के चलते बोर्ड आफिस, व्यापम चौराहा, रोशनपुरा, बाणगंगा चौराहे पर पुलिस ने इस दौरान एहतियात के तौर पर बैरिकेटिंग की व्यवस्था बनाए रखी.

बुधवार को सख्त सुरक्षा प्रबंधों के बावजूद सैकड़ों प्रदर्शनकारी किसान रोशनपुरा चौराहे पर पहुंचने में सफल हो गए.

ट्रैफिक पुलिस ने किए रूट डायवर्ट

भोपाल. यातायात पुलिस ने किसानों आरआरएल तिराहा ब्रिज के पास के धरना प्रदर्शन के चलते रूट डायवर्सन के निर्देश जारी किए हैं. प्रदर्शन के चलते नर्मदापुरम मार्ग का यातायात सीधा संचालित नहीं हो पा रहा है. इसके चलते वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित किए गए हैं. नर्मदापुरम की ओर जाने के लिए :कोलार गेस्ट हाउस तिराहा से कोलार 6 लेन रोड, होली क्रॉस स्कूल तिराहा, ग्राम अमरावत कला होते हुए मंडीदीप से नर्मदापुरम आ-जा सकते हैं. मंडीदीप की ओर से आने वाले वाहन :एमपी नगर, भोपाल शहर में जिन्हे आना है वो 11 मील बायपास से होते हुए, नांद्रा चौराहा, खजूरी कला, ईसीएचएस रोड पिपलानी, गोविंदपुरा, ज्योति टॉकीज, बोर्ड ऑफिस होते हुए आ-जा सकते हैं.

बैरागढ़ के आसपास : मिसरोद ग्राम और भोपाल विश्वविद्यालय के बीच की कॉलोनियों के लोग बावड़िया ब्रिज से चढ़कर दानापानी, रोहित नगर, शाहपुरा, बाबा नगर, चूना भट्टी अथवा मनीषा मार्केट होते हुए आ-जा सकते हैं.

मिसरोद क्षेत्र : थाना मिसरोद चौराहे से सलाईया होते हुए कोलार, चूना भट्टी की ओर आ-जा सकते हैं. थाना बागसेवनिया चौराहे से बागमुगालिया, कुबेर डेयरी, एम्स अस्पताल, अलकापुरी डीआर ऑफिस, हबीबगंज चौराहा से आईएसबीटी तिराहा होते हुए शहर में आ-जा सकते हैं .आईएसबीटी एवं अन्य स्थानों से चलने वाली बसें प्रभात चौराहा, पिपलानी चौराहा, पटेल नगर चौराहे से बायपास होकर नर्मदापुरम/बैतूल/जबलपुर की ओर आ-जा सकेंगी.

एसी लगाने निगम मुख्यालय में तोड़-फोड़

छठवीं, सातवीं और आठवीं मंजिल पर लगाए जाएंगे एसी

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 29 जुलाई. नगर निगम के नवीन मुख्यालम में एक बार फिर से एसी लगाने का कार्य शुरू हो गया है. यह एसी अटल भवन के छठवीं, सातवीं और आठवीं मंजिल पर लगाये जा रहे हैं. जिसके लिए तीनों मंजिलों पर तोड़- फोड़ शुरू हो गई है. वहीं अभी तक मुख्यालय भवन को कंपलीशन सर्टिफिकेट भी जारी नहीं किया गया है.

इस भवन के निर्माण के समय बताया गया था कि इसमें नवीन तकनीकी का उपयोग किया जा रहा है जिससे यह पूरा भवन ठंडा रहेगा. लेकिन निगम के वह सभी दावे खोखले साबित हो रहे हैं. इस भवन के निर्माण पर 74 करोड़ रुपए की लागत आई है.

कर्मचारियों को हो रही है परेशानी

एसी का कार्य तो अगर कार्यालय शिफ्ट होने से पहले पूरा कर लिया जाता तो आज यह तोड़फोड़ नहीं होती. अब जब कार्यालय शिफ्ट हो गया है, सभी सिस्टम लग चुके हैं और कर्मचारी कार्य कर रहे हैं तब इस कार्य से कर्मचारियों को परेशानी हो रही है. उनको अपने कार्य बंद करना पड़ रहे हैं.

निर्माण के समय एसी के लिए नहीं रखी थी जगह

बताया जाता है कि पहले एसी लगाने का कोई प्लान नहीं था क्योंकि दावा पूरे भवन का ठंडा रहने का किया गया था. लेकिन अब अधिकारियों और कर्मचारियों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में तीन मंजिलों पर आवश्यकतानुसार एसी लगाये जा रहे हैं.

बस के सामने खड़ी हुई महिला पुलिस अफसर

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 29 जुलाई. किसानों के आंदोलन के बीच पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के साथ एडिशनल कमिश्नर मोनिका शुक्ला और शैलेन्द्र सिंह चौहान प्रदर्शन स्थल पर मौजूद रहे. वीर सावरकर ब्रिज के नीचे बसें खड़ी कर किसानों को रोक गया.

प्रदर्शन के बीच इस दौरान किसान उग्र हो गए. खड़ी बस को जब किसान चलाकर आगे की तरफ ले जाने की कोशिश करते रहे. इस दौरान एडिशनल कमिश्नर मोनिका शुक्ला चलती बस के सामने खड़ी हुईं और बस रोकी. मोनिका शुक्ला के चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में इस कदम की लोग सराहना कर रहे हैं.

बड़ी कार्रवाई : 2 प्रतिष्ठानों से 25 क्विंटल घी जब्त

अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 14 लाख

खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 29 जुलाई. जिला खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बुधवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापे की कार्रवाई की. यह कार्रवाई रक्षाबंधन सहित अन्य त्योहारों पर मिलावटी और अमानक दूध से बने उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गई.

दो स्थानों पर मिलावट होने की आशंका के चलते लगभग 25 क्विंटल देशी घी जब्त किया गया. जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 14 लाख रुपए बताई गई है. दोनों प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है. जांच में यदि खाद्य पदार्थ मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते या मिलावट प्रमाणित होते हैं, तो व्यवसायियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम तहत कार्रवाई की जाएगी.

दल ने पहली कार्रवाई प्रोस्पेरिटी टेक, शॉप नं. 4 एवं 5, पंचवटी कॉलोनी, फेज-2, करोंद में की. यहां व्यवसायी सूरज पांडे के प्रतिष्ठान से गोवर्धन धौलपुर फ्रेश देसी घी की 15 किलोग्राम, 5 किलोग्राम, 1 किलोग्राम एवं 500 व 200 ग्राम पैकिंग सहित लगभग 938 किलोग्राम घी बरामद हुआ, जिसका बाजार मूल्य लगभग 5.50 लाख रुपए है.

दूसरी कार्रवाई

रासलाखेड़ी भानपुर-विदिशा रोड स्थित नर्मदा सेल्स कॉरपोरेशन में द्वारकेश घी, शगुन घी, गोवर्धन घी एवं भूमि घी का लगभग 15 क्विंटल स्टॉक पाया गया. यहां भी मिलावट की आशंका के चलते घी जब्त कर सुरक्षित रखा गया है. जिसकी बाजार कीमत लगभग 8 लाख 51 हजार 351 रुपए बताई है. यहां से सभी ब्रांडों के 10 नमूने जांच हेतु लिए गए.

एक नजर में

रातीबढ़ में आज रोजगार मेले के आयोजन

भोपाल. रातीबड़ स्थित विक्रमादित्य कॉलेज में गुरुवार को जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है. यह युवा संगम मेला सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा,जो देर शाम तक चलेगा. जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने बताया कि मेले में शामिल होने के इच्छुक सभी युवा समस्त मूल प्रमाण - पत्रों एवं अपना बायोडाटा सहित साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों. इस रोजगार मेले युवा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है.

ननि ने 4 हजार से अधिक स्ट्रीट लाइट सुधारीं

भोपाल. नगर निगम की विद्युत शाखा द्वारा 15 दिनों में 4 हजार 500 से अधिक स्ट्रीट लाइट को सुधारा है. निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा और सौंदर्यीकरण सहित आगामी ब्रिक्स सम्मेलन के दृष्टिगत रखते हुए बिजली प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से की जा रही है. शहर के प्रमुख स्थानों राजा भोज प्रतिमा, मोटिव स्ट्रक्चर्स, जी.आई.एस लाइट, वीआईपी से लालघाटी, हमीदिया रोड, नेहरू नगर से पीएंडटी चौराहा, माता मंदिर से तुलसी नगर टावर, आराधना नगर रोड, 74 बंगला, चार इमली, श्यामला हिल्स, बोट क्लब, भदभदा से सूरज नगर, स्मार्ट पार्क रोड, दूरदर्शन से पॉलीटेक्निक, बाणगंगा, लिंक रोड नंबर 1, 2 एवं 3, रोशनपुरा से नानके पेट्रोल पंप, एम.पी. नगर, कोलार रोड, बैरागढ़ मार्केट, लालघाटी से हलालपुर, 80 फीट रोड अशोका गार्डन, अरविंद विहार, विद्या नगर, होशंगाबाद रोड आदि क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटों का सुधार किया गया है.

23 पशुओं को कांजी हाउस भेजा

भोपाल. नगर निगम के गौवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 23 पशुओं आवारा को पकड़कर कांजी हाउसों में भेजा गया. वहीं 6 पशुओं को आसरा पशु चिकित्सालय भेजा गया. निगम की हांका पार्टी ने 15 पशुओं को सड़कों से हांककर हटाया. निगम अमले ने 20 पशुओं को गौशाला भेजने की कार्यवाही भी की.

मेट्रो में बाधक मकान-दुकानों पर चला बुलडोजर

जिला प्रशासन, मेट्रो और नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 29 जुलाई. मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के कार्य में रुकावट पैदा करने वाले दुकानों और मकानों को हटाने की जिला प्रशासन,नगर निगम और मेट्रो प्रबंधन ने संयुक्त कार्रवाई की.

रोशनपुरा क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर वर्षों से निवासरत और व्यवसायियों की दुकानों और मकानों पर बुधवार को बुलडोजर चला. यहां पर एक दर्जन से अधिक दुकानों और मकानों को तोड़ा गया.

यह सभी दुकान और मकान मेट्रो के कार्य में बाधा बन रहे थे,जिससे कार्य रुका हुआ था. जिनके मकान तोड़े गए हैं,उन्हें पूर्व में ही मुआवजा दिया जा चुका है. हालांकि उन्होंने पूर्व में एसडीएम और कलेक्टर से दुकानों के लिए शहर में ही स्थान की मांग की थी.

अन्य क्षेत्रों में भी हटा अतिक्रमण

इसके अलावा नगर निगम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. यह कार्रवाई सीएम हेल्पलाइन व निगम को प्राप्त शिकायतों के निराकरण के तहत की गई. लोगों के घर के बाहर अवैध रूप से बनें, चबूतरे, नाली के ऊपर रखीं फर्सियां, आवागमन में बाधक चार पहिया वाहन, लोडिंग वाहन, स्पीड ब्रेकर, दुकानों के बाहर रखा सामान, फुटपाथ पर लगी सब्जी, फल, कपड़े आदि की दुकानें तथा बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, बोर्ड, टेबिल, कुर्सी व अन्य अतिक्रमणों को हटवाया गया. साथ ही ठेले, कुर्सी, कैरेड आदि जब्त किए.

बिजली कनेक्शन काटने के नाम पर 65 हजार ठगे

भोपाल. कोलार इलाके में एक महिला साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो गई. अज्ञात ठगों ने बिजली विभाग के अधिकारी बनकर महिला से उनकी बैंक खाते की जानकारी ली. इसके बाद खाते से करीब 65 हजार रुपए उड़ा दिए. पीड़िता ने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. आम्र विहार निवासी महिला को 16 जुलाई को बिजली कंपनी के नाम से मोबाइल पर एक मैसेज मिला. मैसेज में उनका बिजली बिल अपडेट नहीं होने और कनेक्शन काटने का जिक्र किया गया. कनेक्शन कटने से बचाने के लिए सिर्फ 12 रुपये का ऑनलाइन प्रोसेसिंग शुल्क देने के लिए महिला को ठग ने राजी किया.

कुर्की करने पहुंचे तो जमा कर दिए 3 लाख 56 हजार रुपए

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 29 जुलाई. नगर निगम का दल बुधवार को लीजरेंट के बकायादारों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई शुरू करने पहुंचा लेकिन इसके पहले ही बकायादारों ने बकाया लीजरेंट की राशि 3 लाख 56 हजार 557 रुपये जमा करा दी.

निगम अमला जोन-1 के अंतर्गत वार्ड क्रं.-5 में लीजरेंट के बकायादार दिनेश दादलानी एवं रविकुमार दादलानी, लखन दादलानी तथा मेसर्स आस्था ज्वेलर्स पर कुर्की की कार्रवाई करने पहुंचा था. यह कार्रवाई प्रारंभ करने से पूर्व ही तीनों लीजधारकों ने संयुक्त रूप से लीज की बकाया 3 लाख 56 हजार 557 रुपये की संपूर्ण राशि का भुगतान कर दिया.

आरकेएमपी पर एस्केलेटर खराब सामान के साथ चढ़ना बना चुनौती

सिटी रिपोर्टर

भोपाल, 29 जुलाई. रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (आरकेएमपी)के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर लगा एस्केलेटर लंबे समय से खराब होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

इस एस्केलेटर के माध्यम से फूड प्लाजा तक आसानी से पहुंचते हैं, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते यह कभी अचानक रुक जाता है तो कभी पूरी तरह बंद रहता है. इससे महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांग यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. यात्रियों का कहना है कि भारी सामान लेकर सीढ़ियां चढ़ना काफी कठिन हो जाता है. कई बार एस्केलेटर चलते-चलते अचानक रुक जाने से दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है. स्टेशन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आते-जाते हैं, ऐसे में एस्केलेटर की खराब स्थिति उनकी यात्रा को असुविधाजनक बना रही है. इस संबंध में रेलवे अधिकारियों का कहना है कि एस्केलेटर में तकनीकी खामियां आने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है. संबंधित टीम द्वारा मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है और जल्द ही एस्केलेटर को पूरी तरह सुचारु कर दिया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े.

इंटर्न डॉक्टर ने रक्तदान कर दर्ज कराया विरोध

स्टाइपेंड बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी



नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 29 जुलाई.प्रदेश में एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टर स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. आंदोलन के तहत बुधवार को जूनियर डॉक्टरों ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया.

इस शिविर में इंटर्न और मेडिकल छात्रों ने हिस्सा लेकर 150 यूनिट से अधिक रक्तदान किया. इस दौरान इंटर्न डॉक्टरों ने कहा कि यह रक्तदान केवल एक सेवा कार्य नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन के सामने अपनी बात रखने का एक शांतिपूर्ण तरीका है. डॉक्टरों ने संदेश दिया है कि वे अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ते हुए भी मरीजों और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को नहीं भूले हैं.

ये हैं प्रमुख मांगें

फिलहाल मप्र में एमबीबीएस इंटर्न को हर महीने 14 हजार 337 रुपये स्टाइपेंड मिलता है .डॉक्टरों का कहना है कि दिन-रात अस्पतालों में कड़ी मेहनत करने के बावजूद यह राशि बेहद कम है .इंटर्न डॉक्टरों की मांग है कि उनका मासिक स्टाइपेंड बढ़ाकर 30 हजार रुपये किया जाए.

असुविधा फल-सब्जी की दुकानें और गुमटियां लगीं, लोग सड़क पर चलने को हैं मजबूर

फुटपाथों पर बढ़ते कब्जे से पैदल चलना मुश्किल

सिटी रिपोर्टर

भोपाल, 29 जुलाई. फुटपाथों पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण पैदल यात्रियों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं. लोगों की सुरक्षित आवाजाही के लिए बनाए गए फुटपाथों पर फल-सब्जी के ठेले, अवैध गुमटियां और अस्थायी दुकानें लगने से नागरिकों को सड़क पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है.

इससे तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने का खतरा भी बढ़ गया है. हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में सुरक्षित और स्पष्ट रूप से चिन्हित फुटपाथों पर चलने के अधिकार को नागरिकों का मौलिक अधिकार माना है. अदालत ने कहा कि पैदल यात्रियों को सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराना सरकार और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी है तथा उनका अधिकार मोटर वाहनों की आवाजाही से पहले आता है. इसके बावजूद भोपाल के कई प्रमुख इलाकों में फुटपाथ अतिक्रमण की चपेट में हैं. न्यू मार्केट, एमपी नगर, अरेरा कॉलोनी, बैरागढ़, कोलार, शाहपुरा और पुराने भोपाल के कई क्षेत्रों में फुटपाथों पर कब्जा साफ देखा जा सकता है. कई स्थानों पर दुकानदारों ने ठेले और गुमटियां लगाकर पैदल चलने का रास्ता संकरा या पूरी तरह बंद कर दिया है.

इसका सबसे अधिक असर स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों पर पड़ रहा है, जिन्हें मजबूरन व्यस्त सड़कों पर चलना पड़ता है.

महापौर मालती राय ने बताया कि नगर निगम समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करता है, लेकिन अभियान समाप्त होते ही कई अतिक्रमणकारी दोबारा उसी स्थान पर कब्जा कर लेते हैं. उन्होंने कहा कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए नियमित निगरानी, सख्त कार्रवाई और जनसहयोग आवश्यक है, ताकि शहर के फुटपाथ फिर से पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित बनाए जा सकें.

चार दिवसीय ब्रिक्स संस्कृति सम्मेलन 5 अगस्त से होगा

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 29 जुलाई. जुलाई. संस्कृति के माध्यम से विश्व को जोड़ने के लिए भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता -2026 के अंतर्गत भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत भोपाल में 5 से 8 अगस्त तक ब्रिक्स सांस्कृतिक सम्मेलन किया जा रहा है.

जिसमें सर्वे भवंतु सुखिन: की सनातन संस्कृति और सभी के लिए समरसता की भावना पर आधारित रहेगा. इस विशेष आयोजन में ब्राजील, इथोपिया, इंडोनेशिया, यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई), साउथ अफ्रीका, क्यूबा, थाईलेंड और बेलारूस आदि देशों के संस्कृति मंत्री एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे.

ब्रिक्स सांस्कृतिक समिट के अंतर्गत ब्रिक्स देशों के कलाकार समूहों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी. इजिप्ट से 8 सदस्यों द्वारा नेशनल फोक ट्रूप, इंडोनेशिया से 5 सदस्यों द्वारा गायन एवं नृत्य, रसिया के 6 सदस्य कलाकारों द्वारा नेशनल एकेडमिक फोक इंस्ट्रूमेंट आर्केस्ट्रा एवं रशियन फोक म्यूजिक, साउथ अफ्रीका से जमाली ग्रुप के 3 सदस्य एवं ब्राजील के 5 सदस्यों द्वारा ब्राजील कल्चरल, मार्शल आर्ट, एक्रोवेटिक्स, म्यूजिक एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी.